## संक्षिप्त

### भाजपा प्रत्याशी का किया स्वागत

**शाहपुरा ।** शाहपुरा की निकटवर्ती ढाणी जगसीहाला स्वामीपुरा देवीपुरा में समाजसेवी सुभाष पौषवाल के परिवार द्वारा भाजपा नेता उपेन यादव का साफा व माला और ग्रुप की बड़ी फोटो भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सुभाष पौषवाल ने बताया कि भाजपा नेता उपेन यादव की जनता के काम करने की नीति को देखकर के पोसवाल परिवार ने स्वागत करने का निर्णय लिया और घर बुलाकर परिवार द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर सोहन पौषवाल, गोर्वधन पौषवाल, हनुमान पौषवाल, छीतरमल पौषवाल, नन्छुराम पायला, मुकेश गिराटी, दाताराम सराधना, रामजीलाल पौषवाल, रतन पौषवाल, पूरण पौषवाल, श्रीराम पौषवाल, भूपेन्द्र पौषवाल सहित परिवार के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सुबह और शाम दिख रहा ठंड का असर

**पावटा।** मौसम में ठंडक बढने से सर्दी की रतार धीरे-धीरे तेज होने लगी है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अब सर्दी अपनी रतार में दिखेगी। सर्दी की दस्तक होते ही लोगों को दिन में भी ठंड का अहसास होगा। इधर, ठंड को जोर पकडते देख लोगों ने स्वेटर, जैकेट, ब्लेजर निकाल लिया है। कस्बे की सडकों पर दिन में भी लोग गर्म कपडों में नजर आये। दरअसल, अब उपखंड पावटा क्षेत्र में भी मौसम का तेवर बदलाव के मूड में नजर आने लगा है। हालांकि, अभी सिर्फ सुबह और शाम में ठंड का असर ज्यादा दिख रहा है और दोपहर गर्म रह रही है। यह अलग बात है कि ठंडी हवा कनकनी का अहसास दिला रही थी। दिन में धूप खिली और दोपहर में मौसम का मिला-जुला मिजाज रहा, पर अपराह्न के बाद लोगों ने हल्का ठंड महसूस किया जबकि शाम से ठंड बढ गयी। रात होते-होते ठंडी हवा ने कनकनी बढानी शुरू कर दी और तापमान में भी हल्की गिरावट आ गयी। वही ठंड की रतार के साथ गर्म कपडों की खरीदारी भी शुरू हो गयी है। विभिन्न दुकानों व शो-रूम में गर्म ऊनी कपडों का स्टॉक पूरा कर लिया गया है। कई दुकानों के संचालकों ने बताया कि अभी इक्का-दुक्का ग्राहक ही निकल रहे हैं, जबकि पहले नवंबर के दूसरे सप्ताह से ही खरीदारी में तेजी आ जाती थी। दुकानदारों का कहना है कि जिस प्रकार से दुकानदारी होनी चाहिए वैसी नहीं हो रही है।

### छात्राओं को सैल्फ डिफेन्स का दिया प्रशिक्षण

**कोटपूतली।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में मंगलवार को महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत छात्राओं को सैल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण दिया गया। स्थानीय थाने में पदस्थापित कांस्टेबल सरोज एवं नरेश ने कॉलेज प्रांगण में स्वयं की सुरक्षा हेतु डेमो दिया। तत्पश्चात् छात्राओं से स्वयं की सुरक्षा हेतु भी अभ्यास करवाया। सरोज ने थाने में प्राप्त शिकायतों का उदाहरण देते हुए छात्राओं को साहसी बनने के लिए प्रेरित किया। नरेश ने शारीरिक छेड़छाड़ के प्रति जीरो टोलरेन्स अपनाने के लिए एवं तुरन्त फुर्ती से प्रतिउतर देने हेतु विभिन्न प्रकार के तरीकों को समझाया। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने छात्राओं को समाज में आगे आने हेतु प्रेरित किया एवं छेड़छाड़ की सामाजिक कुरीतियों से निपटने के लिये स्वयं को तैयार करने पर जोर दिया। महिला प्रकोष्ठ संयोजिका डॉ. शोभा जौहरी ने छात्राओं को प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु तैयार किया एवं भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण में भाग लेने का आग्रह किया। समिति सदस्य डॉ. पदमा मीणा, डॉ. बबीता, डॉ. शिवांगी भट्ट, ज्योति पाठक, कोमल शर्मा, निशा, कीर्ति बुनकर ने सहयोग प्रदान किया।

### अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना के आवेदन प्रारम्भ

**कोटपूतली।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जिला मुख्यालयों पर संचालित समस्त राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर (केवल शैक्षणिक पाठ्यक्रमों कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय हेतु) अध्ययनरत छात्र (बालक) जो घर से दूर रहकर अन्य स्थान पर कमरा किराये पर लेकर (पेईंग गैस्ट के रूप में) अध्ययन करते हैं (अभ्यर्थी जिस राजकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत् है उस नगर निगम नगरपरिषद, नगर पालिका का निवासी न हो) पुनर्भरण राशि के रूप में अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना के अन्तर्गत 2 हजार रूपये प्रतिमाह प्रतिवर्ष (अधिकतम 10 माह हेतु) दी जावेगी।

# कलेक्टर ने राइजिंग राजस्थान समिट कार्यक्रम को लेकर दिए निर्देश




**भिवाड़ी में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते जिला कलेक्टर किशोर कुमार।**

- **कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक एनसीआर क्षेत्र में ग्रेप 4 की पालना के लिए दिए निर्देश**

**भिवाड़ी।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने मंगलवार को भिवाड़ी बीड़ा के मीटिंग हॉल में अधिकारियों की बैठक लेते एनसीआर क्षेत्र में ग्रेप 4 की अनुपालनाओं को सुनिश्चित करवाने तथा वायु प्रदूषण को कम करने हेतु वृहद स्तर पर आवश्यक उपाय करने के लिए संबंधित विभागों को दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने बताया कि राज्य के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शीत काल के दौरान वायु प्रदुषण के निवारण एवं नियंत्रण हेतु ग्रेप 4 लगने के बाद जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। जिला कलेक्टर ने सम्बंधित विभागों के अधिकारीयों को वायू गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जिला कलेक्टर ने पराली को जलाये जाने से रोका जाना, वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण, सड़को से उड़ने वाली धूल के नियंत्रण हेतु नियमित सफाई एवं पानी का छिडकाव, निर्माण गतिविधियों से उड़ने वाली धूल पर नियंत्रण, ठोस अपशिष्ट के नियमित एकत्रीकरण एवं नियमानुसार निस्तारण, खुले में आग लगाये जाने पर नियंत्रण तथा औद्योगिक प्रदूषण पर नियंत्रण हेतु सम्बन्धित विभागों रीको, बीडा, यातायात, कृषि, नगर परिषद तथा प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के अधिकारियों को उक्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर ने सभी विभागों को पालना रिपोर्ट नियमित रूप से पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड भिवाड़ी कार्यालय को प्रेषित किए जाने के लिए अनिवार्य किया है। क्षेत्रीय अधिकारी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने बताया रीको प्रथम एवं द्वितीय तथा बीडा द्वारा रोजाना 82 किलोमीटर सड़क पर पानी छिड़काव किया जा रहा है। ग्रेप लगने के पश्चात अब तक 125 निरीक्षण किए गए जिसमें 35 डीजी सेट, 2 स्टोन क्रेशर, पांच कंपनियों को ग्रेप के उल्लंघन पर बंद कराया गया है।

परिवहन अधिकारी ने बताया कि अब तक 157 पुराने वाहन, 27 पॉल्यूशन जेनरेटिंग वाहन, 47 ओवरलोड, 40 मिट्टी ले जाते हुए वाहन पर चालन किए जाने की कार्रवाई की गई है। जिला कलेक्टर में इन्वेस्टमेंट सबमिट को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को समय से पूर्व पूर्ण तैयारी करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को एमओयू की संख्या बढ़ाने के लिए निर्देश देते हुए इन्वेस्टर्स से लगातार टच में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को आयोजन के दिन यातायात प्रबंधन सही तरीके से करने के निर्देश दिए। जीएमडीआईसी ने बताया कि जिले में अभी तक 11000 करोड़ के 187 एमओयू प्राप्त हो चूके हैं जिसके तहत 42000 युवाओं को रोजगार उपलब्ध होगा।

## उपखण्ड अधिकारी ने किया निरीक्षण

**मानपुरा माचैडी ।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत व कानपुरा स्थित सरकारी कार्यालयों व संस्थाओं का मंगलवार को चौमू उपखण्ड अधिकारी ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जाटावाली ग्राम पंचायत के राजकीय कार्यालयों में ग्राम पंचायत, पशु चिकित्सा केन्द्र, विद्यालय , सहकारी समिति एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत कार्यालय के अन्तर्गत ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी ली एवं इनको समयबद्ध तरीके से पुर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही रोजमर्रा के कार्य जन्म, मृत्यु, विवाह एवं जनाधार के सत्यापन कार्यो को करने हेतु निर्देशित किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया गया निरीक्षण उपरान्त पीएचसी प्रभारी को निर्देशित किया कि मौसमी बिमारियों एवं बदलते मौसम में ग्रामवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले इसकी सुनिश्चिता की जाये।

# 'मोबाईल पर फोन आने पर किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी नहीं देवें'

**निवाइ।** निवाई पुलिस थाने में पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्रसिंह भाटी के निर्देशानुसार डीवाईएसपी मृत्युन्जय मिश्रा व थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने मंगलवार को सीएलजी सदस्यों, शान्ति समिति सदस्यों व व्यापार मण्डल की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आमजन को सर्दियों में बढती चोरियों को मध्येनजर रखते हुए सतर्क रहने व संदिग्ध व्यक्तियों के दिखाई देने पर थाने में सूचना देने का आ ान किया।

व्यापार मण्डल के व्यापारियों को अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा हेतु निजी गार्ड रखने एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर कार्यरत कर्मचारियों का सत्यापन करवाने की हिदायत दी। उन्होंने व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों पर उच्च गुणवता के सीसी टीवी कैमरे लगवाने व कस्बा निवाई में स्थित प्रतिष्ठानों के बाहर रोड पर सामान नही रखने एंव यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया। आमजन को सभी प्रकार के घटित अपराधों व विशेष रूप से साईबर क्राईम के सम्बन्ध में जानकारी दी। लोगों को साईबर काईम के सम्बन्ध में जागरूक करने तथा किसी भी अजनबी का अपने मोबाईल पर फोन आने पर किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी नहीं देने सहित एटीएम के पिन नम्बर, ओटीपी नम्बर, एटीएम कार्ड को चैन्ज करने की जानकारी नहीं बताने व किसी भी प्रकार के प्रलोभन व झांसे में नहीं आने की जानकारी दी। साथ ही सभी सीएलजी सदस्यों को किसी भी प्रकार की घटित घटना व पुलिस द्वारा सम्पर्क करने का आग्रह किया। इस अवसर पर ताराचन्द बोहरा, केदार खंडेलवाल, शिवप्रकाश पारीक, मुकेश बोहरा, बुद्धराम जाट, बाबूलाल शर्मा, रमेशचन्द व रामचरण विजय सहित कई सदस्य मौजूद थे। इसी प्रकार सदर पुलिस थाने में थानाधिकारी जयमल सिंह की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें बाजार में गश्त और यातायात व्यवस्था में सहयोग करने व अन्य मुद्दों पर चर्चा की। थानाधिकारी ने बताया कि बैठक में बढती चोरियों को मध्येनजर रखते हुए सतर्क रहने व संदिग्ध व्यक्तियों के दिखाई देने पर थाने में सूचना देने का आ ान किया। व्यापारियों को अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा हेतु सीसी टीवी कैमरे लगवाने का आग्रह किया।



**सीएलजी, शान्ति समिति सदस्यों व व्यापार मण्डल की थाने में हुई बैठक।**

# तीन दिन से विद्युत सप्लाई न होने से बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीण

**गोविन्दगढ़, अलवर।** गोनिन्दगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र की मौलिया ग्राम पंचायत में 3 दिन से लाइट नहीं होने पर आमजन को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। जिस कारण से चार गांव करीरिया, मौलिया बांधका महराणा के लोगों ने पंचायत का आयोजन कर सरपंच को मौके पर करीरिया गांव में सभा स्थल पर बुलाया सरपंच की हठधर्मिता के चलते 4 ग्राम पंचायत को नहीं नसीब हो रहा पीने को भी अपनी पशुओं की हालत खराब आमजन का जीना हुआ दूभर। सरपंच ओमप्रकाश चौधरी सर्वे रिपोर्ट के अनुसार अपने खेत से 33 की लाइन को नही निकले दे रहा है जिस कारण से विवाद बना हुआ है।

- **पशुओं की हालत खराब आमजन का जीना हुआ दूभर**

जावली फीडर से क्षेत्र में आ रही पुरानी विद्युत लाइन पर ज्यादा लोड होने के कारण 3 दिन से उसे भी बंद कर दिया गया जिससे समस्या और भी गंभीर हो गई। मौलिया ग्राम पंचायत में नवनिर्मित 33 केवी फीडर पर नई विद्युत लाइन के लिए सड़क के किनारे विद्युत पोल लगाए जाने का कार्य किया जा रहा था जो की सरपंच के खेतों से होकर निकले तो सरपंच ने कार्य रुकवा दिया । जिस पर प्रतिदिन के कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं जिस कारण से ना तो पशुओं को पानी उपलब्ध हो पा रहा है यहां तक की आमजन को नहाने के लिए भी पानी उपलब्ध नहीं है क्योंकि अब क्षेत्र में कुएं भी देखने को नहीं मिलते हैं। धरनास्थल पर मौके पर लक्ष्मणगढ़ नायब तहसीलदार हरदयाल सिंह पहुंचे और ग्रामीणों से बात की जहां ग्रामीणों ने उन्हें अपनी मांगों का विज्ञापन सोपा। जिसमे 33 विधुत लाइन सहीद महावीर सिंह मूर्ति से सीधा के लिए ले जाने की मांग की। नायब तहसीलदार हरदयाल सिंह ने बताया कि यहां पर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया है और इन समस्याओं को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा ग्रामीणों ने बताया है पानी की समस्या खड़ी हुई है इसका जल्द से जल्द समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

ग्रामीण दान सिंह ने बताया कि सर्वे रिपोर्ट के अनुसार लाइन को नहीं निकाला जा रहा है और उसके खेत से जबरदस्ती लाइन को निकाला जा रहा है जिससे उसे काफी मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है अब चार गांवो के ग्रामीणों ने एकत्रित होकर पंचायत की है। जिसमें क्षेत्र की समस्या को बताया ओर सभी ने सर्वे के हिसाब से लाइन डलवाए जाने की बात की जा रही है।



**ग्रामीणों ने तहसीलदार को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।**

## तहसील फुलेरा मुख्यालय सांभर के स्थान पर 'तहसील सांभर' दुरुस्त करने की मांग

**सांभरझील।** उप जिला होने का दर्जा प्राप्त सांभर उपखण्ड मुख्यालय पर वर्ष 1952 से लगातार संचालित ''तहसील एवं उप पंजीयक कार्यालय सांभर'' का वास्तविक नाम प्रशासनिक त्रुटि के कारण 70 साल से राजस्व रिकॉर्ड में ''तहसील फुलेरा मुख्यालय सांभर'' का इंद्राज होना आज तक भी रहस्य बना हुआ है। प्रशासनिक त्रुटि के चलते सांभर को व्यापारिक दृष्टिकोण से गहरा नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं सरकारी दस्तावेजों में कहीं पर ''तहसील सांभर'' तो कहीं पर ''तहसील फुलेरा मुख्यालय सांभर'' देखने को मिला है।

राजस्व मंडल राजस्थान अजमेर की तरफ तहसीलदार के ट्रांसफर ऑर्डर में उनके नाम के सामने अंकित ''तहसील सांभर'' ही लिखा जाता है, इस प्रकार दोहरे नामों का अंकन अनेक जगहों पर देखने को मिला है। इस भूल को सुधारने के बजाय पूर्ववर्ती सरकार के मुखिया अशोक गहलोत की तरफ से जाते-जाते इस महत्वपूर्ण काम पर रोक लगाकर इस भ्रम की स्थिति को यथावत रखने का काम कर दिया। जबकि राजस्व विभाग के पूर्व लिपिक व आरटीआई कार्यकर्ता शैलेश माथुर की ओर से इसके लिए वर्ष 2012 से लगातार सरकार से की जा रही वाजिब मांग विचाराधीन है। सांभर में 1.75 करोड़ की लागत से बन चुका है नया भवन : वर्तमान परिपेक्ष्य व आमजन की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए कटला बाजार स्थित तहसील के पुराने कार्यालय के बृहद विस्तार किए जाने के लिए राजस्व व न्यायिक भवनों के लिए पहले से ही आरक्षित की गई भूमि पर 1 करोड़ 75 लाख की लागत से विशाल भू-भाग पर वर्ष 2012 में ही नया भवन बनकर तैयार भी हो चुका था जहां राजस्व रिकॉर्ड में भी इस बात की पुष्टि होती है। वर्ष 2013 के बाद से पुराने तहसील के भवन से नवीन भवन में कार्यालय शिफ्ट भी हो चुका है।

तहसील के इसी भवन के नजदीक ही उपखण्ड अधिकारी व उपखण्ड मजिस्ट्रेट का कार्यालय भी पुराने भवन से शिफ्ट होकर नवीन भवन में ही चल रहा है। बता दें कि तहसील व उपखण्ड कार्यालय राजस्व विभाग की दो प्रमुख कड़ियां है जहां पर क्षेत्र के हजारों लोगों का इन कार्यालयों में राजस्व प्रकरणों, जमाबंदी, नामान्तरण, विक्रय पत्र, वसीयतनामा, हक त्याग, मुख्त्यारनामा, मतदान पहचान पत्र, खाद्य सुरक्षा योजना, काश्तकारों के भूमि विवादों जैसे अनेक कार्यों के लिए जरूरतमंद लोग विगत सात दशकों से एक ही जगह इस सुविधा का लाभ उठाते आ रहे।

# 'एक दूसरे के प्रति भाईचारा व अमन चैन बनाये रखना चाहिए'

**मालपुरा।** मंगलवार को जिला पुलिस अधिक्षक के निर्देशानुसार क्षेत्र मे शांति एवं सदभाव बनाये रखने को लेकर पुलिस उपाधिक्षक आशीष प्रजापत की अध्यक्षता मे मालपुरा थाना परिसर मे सीएलजी व शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक मे सीईओ प्रजापत ने बताया कि एक दूसरे के प्रति भाईचारा व अमन चैन बनाये रखने के लिये परस्पर एक-दूसरे का सहयोग महत्वपूर्ण होता है।

- **क्षेत्र में शांति व सदभाव बनाये रखने को लेकर सीईओ आशीष प्रजापत ने ली शांति समिति व सीएलजी की बैठक**

शहर मे यातायात व्यवस्था एवं नियमो को लेकर सीईओ ने विस्तार से खुलकर चर्चा की। तो साथ ही आपराधिक प्रवृत्ति के लोगो व शांति व्यवस्था बिगाडने वाले लोगो पर पैनी नजर रख समय रहते पुलिस को सुचना दे। साथ ही अपने मकान व दुकानो के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाये। जिससे कि अपराधियो की तत्काल पहचान की जा सके। पुलिस व शांति समिति सिक्के के दो पहलू है। जो कि एक-दूजे के सहयोग से ही शहर म अमन चैन कायम कर सकते है। बैठक मे मौजूद कई वरिष्ठ सदस्यो ने सीईओ को अवगत करवाते हुये कहा कि लम्बे समय बाद आज बैठक बुलाई गई है। जबकि यह बैठक प्रत्येक महिने बुलाना चाहियें।

साथ ही सदस्यो को बैठक का ऐजेंडा एक दिन पूर्व उपलब्ध करवाये तो बैठक के आयोजन की सार्थकता सिद्ध होगी। अतिसंवेदनशील मालपुरा कस्बे मे लम्बे समय से बैठक का नही होना शहर मे चर्चा का विषय बना हुआ है। महत्वपूर्ण बैठक मे रामप्रसाद वर्मा, मुंशी खां बेलिम, रमाकांत पाठक, रतन लाल सिंधी, अनवार लाला, रईश अहमद, बशीर अहमद, प्रेमचन्द सैनी, रघुवीर सिंह, गोपीलाल बैरवा, शेरसिंह राजावत, आदि मौजूद रहे। वही मंगलवार को लाम्बाहरिसिंह थाने मे हैडकांस्टेबल नानकराम की उपस्थिति मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे हैडकांस्टेबल ने आमजन से अपील करते हुये महिलाओं को नसीयत देते हुये कहा कि सर्दी की राते शुरू हो चुकी है। ऐसे मे आये दिन चोरी की घटनाओं को लेकर सावधानी बरते। लूट की घटनाओं की रोकथाम के लिये थाना पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।



**पुलिस उपाधिक्षक आशीष प्रजापत की अध्यक्षता मे मालपुरा थाना परिसर मे सीएलजी व शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।**

## विद्यार्थियों को करवाया एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण

**सावरदा।** विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण भैराणाधाम सहित भंदे बालाजी मंदिर में थोक लगाई । मौजमाबाद पंचायत समिति क्षेत्र कि अखैपुरा ग्राम पंचायत क्षेत्र के महेशपुरा में स्थित राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय महेशपुरा के विद्यार्थियों ने एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण किया।

संस्था प्रधान राजेंद्र कुमार ने बताया कि स्वयंसेवी संस्था ''समभाव अहमदाबाद'' के कार्यकर्ता धन्नालाल जाट के सानिध्य में विद्यालय के बच्चों ने शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान भन्दे बालाजी, अवाना कृषि फार्म तथा संत दादू दयाल महाराज का मोक्ष धाम स्थान भैराणा धाम के दर्शन किए। संस्था प्रधान ने बताया कि अवाना कृषि फार्म में प्राकृतिक रूप से कि जा रही जैविक खेती के बारे में सभी बच्चो जानकारी दी गई , तथा विद्यार्थियों ने वहां विभिन्न प्रकार के वृक्षों के बारे में जानकारी ली। फार्म में चल रही कई प्रकार की स्वचालित मशीनों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस फॉर्म में स्थित डेयरी फार्म को देखकर विद्यार्थी बहुत अचंभित हुए।

## सार-समाचार

### पूर्व विधायक का किया अभिनंदन



**चौमू।** चौमू ग्राम पंचायत नांगलकलाँ में डोला की ढाणी से गोविन्दगढ़ तक सड़क स्वीकृति पर ग्रामवासियों द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का अभिनंदन किया गया। पूर्व विधायक शर्मा ने सड़क स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। ग्राम पंचायत नांगल कलाँ में डोला की ढाणी से गोविन्दगढ तक 1.5 किलोमीटर लम्बाई की सड़क के निर्माण में 45 लाख की लागत आएगी। पूर्व विधायक शर्मा ने बताया कि नांगल कलाँ से गोविन्दगढ तक सड़क निर्माण से ग्रामवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। ग्रामवासियों द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का माला एवं साफ़ा पहनाकर अभिनंदन कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौक़े पर सरपंच शंकर लाल यादव, पंचायत समिति सदस्य लालचंद यादव, मंडल महामंत्री जितेन्द्र सिंह, सरपंच रमेश शर्मा, गोरीशंकर नेतड, पूर्व सरपंच गोपाल डेनवाल, मोहन लाल बुनकर, सहकारी समिति अध्यक्ष भंवर लाल देवन्दा, भगवान फोजी, शंकर रेगर, प्रहलाद शर्मा, मोहन देवन्दा, रामेश्वर देवन्दा, बाबूलाल मीणा सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### अलवर और भरतपुर की 3000 माइंस-इंडस्ट्रीज अचानक बंद

**अलवर।** राजस्थान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने मंगलवार सुबह आदेश जारी करते हुए इन दो शहरों में 3000 माइंस और इंडस्ट्रीज को बंद कर दिया है। साथ ही इन इलाकों में चल रहे निर्माण कार्य पर भी रोक लगा दी है। अलवर जिले में प्रदूषण के हालात भयावह हो गए हैं। सोमवार को अलवर का एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 295 और भिवाड़ी का एक्यूआई 442 के पार पहुंच गया। अलवर और भरतपुर जिले में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चौथे चरण की पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। राजस्थान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने मंगलवार सुबह आदेश जारी करते हुए इन दो शहरों में 3000 माइंस और इंडस्ट्रीज को बंद कर दिया है। साथ ही इन इलाकों में चल रहे निर्माण कार्य पर भी रोक लगा दी है।

### बैठक आयोजित

**दूदू।** जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समन्वय एवं विभागीय समीक्षा बैठक मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर गोपाल परिहार की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने जिला मुख्यालय पर सड़क निर्माण से संबंधित शेष कार्यों, साफ - सफाई व्यवस्था, सर्विस रोड़ पर नाला निर्माण, पुलिया के नीचे सड़क की मरम्मत, पार्किंग व्यवस्था की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को डिवाइडर पर रोड़ लाइट लगाने तथा निर्मित सड़क के दोनों ओर ब्लॉक लगाने के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को नाला निर्माण सहित पुलिया के नीचे सड़क की मरम्मत करने तथा सर्विस रोड़ की नियमित सफाई कराने के कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को नरैना रोड़ पर सड़क के बीच में लिए गए अवैध नल कनेक्शन हटाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने जिला मुख्यालय पर सुचारु यातायात व पार्किंग व्यवस्था के लिए निर्धारित किये गए स्थान पर वाहनों को खड़ा कराने की कार्यवाही शुरू करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में नगर परिषद आयुक्त वीरेंद्र सिंह भाटी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित शर्मा, जिला रसद अधिकारी सौरभ जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुनील कुमार, विद्युत विभाग के जेपी बैरवा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक के के मंगल, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता गुरूशरण वर्मा, तहसीलदार मदन परमार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी व संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

### ज्वैलरी व नकदी पर किया हाथ साफ

**कोटपूतली।** स्थानीय राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय के क्वाटर्स में विगत रात्रि हेलमेट पहने चोरों ने दो अलग-अलग क्वाटर्स में सेंधमारी कर नकदी सहीत आभुषण चोरी कर ले गए। अस्पताल स्टॉफ ने जानकारी देते हुये बताया कि अस्पताल में एक मेलनर्स के क्वार्टर से चोर सोने की चैन व ढाई हजार रूपये की नकदी एवं दूसरे क्वार्टर से पांच हजार रूपये की नकदी लेकर पार हो गये। चोरों की तस्वीर वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें दो युवक हेलमेट लगाकर सीढियों से निकलते हुये दिखाई दे रहे हैं। पीडित अस्पताल स्टॉफ ने पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीडित स्टॉफ ने अस्पताल के पीएमओ डॉ. चैतन्य रावत को लिखित शिकायत पत्र देकर पुलिस कार्यवाही की मांग की है। जिस पर स्थानीय थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बीडीएम जिला अस्पताल परिसर में मुख्य द्वार के समीप ही पुलिस चौकी भवन बना हुआ है। जिसमें पुलिस चौकी संचालित होती थी। लेकिन करीब साल भर से यहां स्टॉफ की तैनाती नहीं है। जानकारी के अनुसार यहाँ किसी स्टॉफ की तैनाती की भी जाती है तो वह अन्य कार्यों के चलते बाहर ही रहता है। ऐसे में जिला अस्पताल में होने वाली छोटी-बड़ी घटनाओं के दौरान पीडित को थाने पर ही दौड लगानी पडती है।

### हॉल के निर्माण कार्य का शुभारम्भ

**फुलेरा।** कस्बे के निकटवर्ती धार्मिक स्थल भन्दे बालाजी स्थित ब्रह्म प्रजापति समाज धर्मशाला परिसर में प्रजापति समाज धर्मशाला विकास एवं सामूहिक विवाह समिति की आवश्यक बैठक समिति के अध्यक्ष हुक्माराम दम्बीवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उपरोक्त जानकारी देते हुए समिति के कोषाध्यक्ष बाबूलाल प्रजापति ने बताया कि बैठक के दौरान धर्मशाला के विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। तत्पश्चात धर्मशाला भवन के ऊपर समाज के भामाशाहों के सहयोग से बनने वाले दो बड़े हॉल के निर्माण कार्य को लेकर टैण्डर छोड़ा गया। गौरतलब है कि उक्त टैण्डर प्रक्रिया के पश्चात समिति अध्यक्ष हुक्माराम दम्बीवाल के मुख्य आतिथ्य एवं समिति के पदाधिकारियों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए हॉल के निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष कन्हैया लाल मारवाल, कैलाश चन्द रैडवाल, मालीराम, गोपाल लाल, बाबूलाल प्रजापति सहित समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### कव्वालियों का आयोजन

**दौसा।** शहर के मुर्शिद नगर स्थित दरगाह में हजरत ख़्वाजा सूफी हकीमुद्दीन शाह के 41वें सालाना उर्स के तहत रात्रि में मीलाद शरीफ एवं कव्वालियों का आयोजन हुआ। मीलाद शरीफ में सूफी स्कॉलरों ने अपने-अपने व्याख्यान पेश किए। इसमे सूफीवाद पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सूफी का काम शांति कायम करवाना है। सूफी भाईचारा, प्रेम, शांति, सद्भाव करने की कोशिश करता है। सूफी के यहां सभी लोगों के विचार सुने जाते हैं। सभी की मुरादे पूरी की जाती है। दुनिया में सूफी की अहमियत के बारे में भी बताया गया। उर्स के दूसरे दिन मंगलवार को दरगाह परिसर में जायरीनों का तांता लगा रहा। मुल्क की तरक्की और शांति के लिए दुआ की गई। जायरीनों ने मजार शरीफ पर मखमल की चादर एवं अकीदत के फूल पेश किए हजरत ख़्वाजा सूफी हकीमुद्दीन शाह के सालाना उर्स के अवसर पर दरगाह के खादिमों की ओर से आने वाले जायरीनों को तबर्रुख के रूप में शीरीनी, मिठाईयां दी गई। लंगर खाने में हजारों लोगों ने सामूहिक रूप से पंक्ति में बैठकर लंगर ग्रहण किया। सम्पूर्ण दरगाह परिसर में लोगों की भीड़ देखने को मिली। उर्स के साथ मेले का भी आयोजन किया गया।

### इन्द्रा गांधी की जयंती मनाई

**मालपुरा ।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मालपुरा की और से मंगलवार को पार्टी कार्यालय मे स्व. इन्द्रा गांधी की जयंति मनाई गई। मौजूद कांग्रेसजनो ने गांधी के चित्र पर पुष्पाजंली अर्पित कर गांधी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुये ब्लॉक अध्यक्ष गोगाराम जाट ने कहा कि भारतीय राजनीति के इतिहास मे इन्द्रा गांधी को उनकी तीन विशेषताओं के चलते याद किया जाता है। जिनमे बैंको का राष्ट्रीयकरण व पाकिस्तान को पराजित कर बांग्लादेश का उदयकरण कर तथा राजा रजवाडी प्रथा को समाप्त करने जैसी गांधी की उपलब्धियां रही है। जाट ने पार्टी हित व संगठन की मजबूती के लिये कांग्रेसजनो से कार्य करने की अपील की।